# गणेशोत्सव के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद



लालबाग के राजा के प्रथम दर्शन

### 1600 पुलिसकर्मियों की व्यवस्था

गणेश आगमन से लेकर विसर्जन तक की अवधि के लिए यह व्यवस्था की गयी है. यह व्यवस्था शहर के भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर कार्यरत रहेगी. ठाणे आयुक्तालय के पांच परिमंडलों में एसआरपी, होम गार्ड की 3 कंपनियों - 700 से 800 पुलिस कर्मियों, 600 पुलिस निरीक्षकों और पुलिस उप-निरीक्षकों, 250 सहायक पुलिस आयुक्तों, 28 कर्मचारियों, पुलिस कांस्टेबलों की जंबो व्यवस्था की गई है।

- रोड रोमियो, चोरों पर रहेगी पुलिस की कड़ी नजर
- सीसीटीवी, ड्रोन जैसी तकनीकी का भी होगा इस्तेमाल

**उल्हासनगर.** बदलापुर घटना की पृष्ठभूमि में ठाणे पुलिस आयुक्तालय की सीमा के भीतर कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए ठाणे पुलिस इस साल के गणेशोत्सव के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए अच्छी तरह से तैयार है।

ठाणे पुलिस सोने की चेन, मोबाइल फोन चोरों और राहजनो पर कड़ी नजर रखेगी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस साल सीसीटीवी, ड्रोन जैसी तकनीकी प्रणालियों का भी इस्तेमाल किया जाएगा. ठाणे आयुक्तालय सीमा में पुरुष और महिला पैदल यात्रियों के गले से सोने की चेन की चोरी में वृद्धि हुई है। साथ ही, इस समय गणेश-उत्सव की खरीदारी के लिए बाजार भरे हुए हैं। गणेशोत्सव के दौरान चोर भी हाथ साफ करने की कोशिश करेंगे. तदनुसार, ठाणे पुलिस आयुक्तालय के अधिकार क्षेत्र के तहत पांच परिमंडलों में पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त, पुलिस निरीक्षक, पुलिस कांस्टेबल, होम गार्ड जैसे बड़ी संख्या में पुलिसबल तैनात की गई है। इसलिए भीड़-भाड़ वाली जगहों पर सीसीटीवी और ड्रोन का इस्तेमाल किया जाएगा.

### विशेष दस्ते रहेंगे तैनात

गणेशोत्सव के दौरान विसर्जन घाट पर जुलूस और भीड़ में शामिल होने वाले शातिर चोरों पर ठाणे पुलिस सतर्क नजर रखेगी। इसके लिए जानकारी है कि ठाणे पुलिस की विशेष टीमें भीड़-भाड़ वाली जगहों पर निगरानी रखेंगी.




मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

उल्हास विकास

वर्ष : 42 | अंक : 156 | शुक्रवार, 6 सितंबर 2024 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

/ulhasvikas संपादक – हीरो अशोक बोधा (BMM, L.L.B.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com


# बदलापुर प्रकरण : आरोपी के फोन में कई सुराग

- आरोपी तीन दिन की अतिरिक्त हिरासत में
- अन्य अपराध भी आ सकते हैं सामने
- न्यायालय में दोनों पक्षों ने रखी अपनी दलीलें



**कल्याण.** बदलापुर में चौंकाने वाले यौन उत्पीड़न मामले में आरोपी अक्षय शिंदे को कल्याण अदालत ने तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने अपना मोबाइल फोन छिपा रखा है और यह जांच के लिए बेहद जरूरी है. इस मोबाइल फोन में आरोपियों के अन्य अपराधों के बारे में कुछ महत्वपूर्ण जानकारी हो सकती है, यही कारण है कि पुलिस ने हिरासत की मांग की।

बदलापुर नाबालिग लड़की बलात्कार मामले में अक्षय शिंदे को 30 अगस्त को अदालत में पेश किया गया था, और बाद में उसे 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। हालांकि, पुलिस को अभी तक उसका मोबाइल फोन नहीं मिला है, जो जांच के लिए बेहद अहम सबूत हो सकता है। संभावना है कि इस मोबाइल फोन में आरोपी के अन्य अपराधों की जानकारी हो सकती है. चूंकि पुलिस को आरोपी से इस मोबाइल फोन की लोकेशन जाननी थी, इसलिए उन्होंने अदालत से आरोपी को पांच दिनों के लिए पुलिस हिरासत में रखने की मांग की. जांच के दौरान पुलिस को यह भी पता चला कि आरोपी अक्षय शिंदे स्कूल में बच्चों का मल साफ करने का काम करता था. इस जानकारी से पुलिस में चिंता बढ़ गई है कि आशंका है कि शिंदे ने कुछ और लड़कियों से छेड़छाड़ की होगी।

पुलिस ने बच्चियों पर हुए अत्याचार की जांच के लिए और स्कूल के गवाहों से पूछताछ के लिए आरोपियों को कुछ और समय के लिए रिमांड पर लेने की जरूरत जताई. सहायक लोक अभियोजक अश्विनी भामरे-पाटिल ने अदालत के समक्ष अपनी दलील में दो प्रमुख बिंदु उठाए। सबसे पहले तो इस मामले में आरोपी का मोबाइल फोन अहम मुद्दा है और इसके पता चले बिना इस मामले की जांच पूरी नहीं हो सकती. दूसरी बात यह है कि पुलिस के पास कुछ गोपनीय जानकारी है कि आरोपी ने स्कूल में कुछ अन्य लड़कियों के साथ छेड़छाड़ की होगी। इसलिए जांच की दिशा और गति बढ़ाने के लिए आरोपी की पुलिस हिरासत जरूरी है.

आरोपी के वकील ने मांग का विरोध करते हुए कहा कि पुलिस को सभी आवश्यक विवरण पहले ही प्रदान किए जा चुके हैं और पांच दिन की पुलिस हिरासत अनावश्यक है। हालांकि कोर्ट ने इस दलील पर संज्ञान लेते हुए आरोपी को तीन दिन की पुलिस हिरासत दे दी.

### अभिभावकों में भय का माहौल

जांच के दौरान पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला कि आरोपी स्कूल में बच्चों का मल साफ करता था. इस सूचना से अभिभावकों में भय का माहौल बन गया है और संभावना बढ़ गयी है कि स्कूल में कुछ और लड़कियों के साथ दुष्कर्म हुआ है. पुलिस ने इस संभावना पर स्कूल और इसमें शामिल लोगों की जांच शुरू कर दी है. बदलापुर के इस मामले की आगे की जांच जारी है और पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल फोन से कुछ और चौंकाने वाली जानकारी मिलने की संभावना जताई है. अगले कुछ दिनों में इस मामले की जांच में तेजी आएगी और उम्मीद है कि कुछ नए खुलासे होंगे.

# विधायक के दो समर्थकों को मिली जमानत

- हमें साजिश का शिकार बनाया गया - विकास हेमराज

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में विधायक किणीकर के समर्थक विकास हेमराज और पूर्व नगरसेवक मुक्कू लेनिन पर विनायक पिल्लै ने कई धाराओं के तहत पुलिस में अपराध दर्ज कराया था. इस अपराध में दोनों को न्यायालय से जमानत मिल चुकी है.

इस संबंध में दोनों ने पत्रकारों को बताया कि गहरी साजिश करके उन्हें राजनीति का शिकार बनाया गया है. विकास ने ये तक कह दिया है कि शहर के एक बंगले में बैठकर ये साजिश रची गई है. हमें विधायक से दूर करने की ये साजिश है. विनायक पिल्लै 19 अगस्त को रायगड़ के अस्पताल में घायल अवस्था में उपचार हेतु दाखिल किया गया था. वहां अस्पताल में उन्होंने बताया कि उनका एक्सीडेंट हुआ है. फिर 27 अगस्त को उन्होंने नेरल पुलिस को बताया कि अंबरनाथ के वांद्रापाड़ा में उन्हें गुड्डो रसाल, जानसन ने मारा और फिर विकास हेमराज के आफिस में ले जाया गया, जहां विकास और मुक्कू लेनिन ने मारकर घायल करके आर्डिनेंस मैदान में भी ले जाकर मारा. 27 को नेरल पुलिस ने अपराध दर्ज करके 28 को अंबरनाथ पुलिस को रेफर किया गया.

### बंगले में रची गई फंसाने की साजिश

मुक्कू लेनिन ने बताया कि राके पाटिल हत्या केस में पिल्लै आरोपी है. 20 को उसको कोर्ट में जाना था. इस हत्या में पिल्लै को जिलाबंदी की गई है. अगर पिल्लै को वांद्रा पाड़ा से विकास के कार्यालय चिंचपाड़ा लाया गया तो रास्ते में दर्जनों सीसीटीवी कैमरे हैं. कार्यालय में 4 कैमरे लगे हैं. उसमें फुटेज आए होंगे. विनायक पिल्लै के बॉस ने एवं शहर के एक बड़े व्यक्ति के बंगले में विकास एवं मुक्कू को फंसाने की साजिश करके प्लान बनाया गया और पिल्लै का इस्तेमाल करके दोनों को साजिश का शिकार बनाया गया है. ऐसा खुलासा मुक्कू और विकास हेमराज ने किया है.

### सूचना

पाठकों को सूचित किया जाता है कि शनिवार को गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर 'उल्हास विकास' कार्यालय बंद रहेगा. अतः अगला अंक सोमवार को पाठकों के समक्ष होगा. असुविधा के लिए खेद है.

–संपादक

# बदलापुर स्टेशन पर फायरिंग

- एक व्यक्ति घायल
- आरोपी हिरासत में



**बदलापुर.** बदलापुर रेलवे स्टेशन पर गुरुवार की शाम 6 बजे के करीब फायरिंग की घटना हुई है. प्रारंभिक जानकारी है कि एक व्यक्ति ने दो लोगों पर गोली चलाई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रारंभिक जानकारी ली। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. स्टेशन मास्टर के मुताबिक इस घटना में कुल चार लोग थे. पहले बाजार में और फिर रेलवे स्टेशन पर उनका विवाद हुआ। उनमें से एक ने उन दोनों पर तीन राउंड फायरिंग की. उनमें से एक के पैर में गोली लगी. जिसे गोली लगी वह इलाज के लिए अपने सहयोगी के साथ भाग गया. शूटर को रेलवे पुलिस ने हिरासत में ले लिया है. अब शहर पुलिस और रेलवे पुलिस उनका जवाब दर्ज कर रही है.

### क्या है पूरा घटनाक्रम?

बदलापुर रेलवे स्टेशन के होम प्लेटफॉर्म पर फायरिंग की घटना हुई है और फायरिंग करने वाले शख्स को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है. प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि शाम करीब 6 बजे विकास नाना पगारे नाम के शख्स ने शंकर संसारे पर फायरिंग की. गोलीबारी में शंकर संसारे घायल हो गए हैं. यह केबल वार और पैसे के विवादों के कारण हुआ था। बदलापुर पश्चिम में वैशाली टॉकीज के सामने पैसे को लेकर दोनों में विवाद हो गया। इसके बाद तीन-चार लोगों ने शंकर संसारे की पिटाई कर दी. तो शंकर बदलापुर रेलवे स्टेशन आ गया. इसके बाद विकास पगारे ने उस पर गोली चला दी. पुलिस ने आरोपी विकास पगार को हिरासत में ले लिया है. कल्याण लोहमार्ग पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या ये सभी आपराधिक पृष्ठभूमि के हैं.

# अंबरनाथ जावसाई-फुलेनगर की पानी-सड़क का मसला जल्द होगा हल

- पटेल प्रयोषा का मोर्चा
- तांबे करेंगे आमरण अनशन

यूसुफ शेख




**अंबरनाथ.** अंबरनाथ जावसाई गांव के पटेल प्रयोषा के निवासियों ने अपनी मूलभूत समस्याओं सड़क, पानी और बिजली को लेकर मोर्चा निकाला. उप मुख्याधिकारी उमेश राऊत ने आंदोलनकारियों को बताया कि जावसाई में सड़क चौड़ीकरण के लिए रकम पास की गई है. यहां सड़क बनेगी, लेकिन पानी के लिए वह मजीप्रा में जाएं और लाइट की समस्या के लिए महावितरण से संपर्क करें. सड़क पानी की समस्या के बारे में यहां के पूर्व नगरसेवक आत्माराम तांबे ने हमें बताया कि फुले नगर में राममंदिर से सीमेंट कंक्रीट का रास्ता बनाने के लिए साहित्यरत्न लोकशाहीर अण्णाभाऊ साठे नगरी वस्ती सुधारना के अंतर्गत 84 लाख 56 हजार 990 रुपयों की निविदा सूचना अंबरनाथ नगर परिषद जारी कर चुका है. लेकिन सड़क चौड़ा करने के लिए लगभग 80 घरों को नुकसान होगा. नगर परिषद से कहा गया है कि पहले उन घरों को विस्थापित किया जाए. इसलिए ये काम रुका हुआ है. उन्होंने स्वीकार किया कि ये रास्ता छोटा है और यहां के हजारों निवासियों को आने जाने में परेशानी हो रही है. यहां पर पानी की भी परेशानी है. जिसके लिए तांबे ने मजीप्रा के अधिकारी को 26 अगस्त को निवेदन देकर मांग की है कि वाटर सप्लाई पंप हाउस से म. फुले नगर पानी टांकी तक जो नई पाइपलाइन बिछाई गई है, उसमें गणेशोत्सव से पूर्व पानी चालू किया जाए, नहीं तो 15 सितंबर से आत्माराम तांबे आमरण अनशन पर बैठ जाएंगे. ऐसी चेतावनी उन्होंने मजीप्रा को दी है.

# ऑक्सी पार्क में बच्चे नशे के शिकार

- पार्क में नशे के सेवन से नागिरकों में रोष
- बच्चों को हुक्का पीते देखा गया
- सीसीटीवी लगाने व पुलिस से तुरंत कार्रवाई की मांग



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर-5 स्थित कैलाश कॉलोनी में ऑक्सी पार्क जो नागरिकों की मानसिक शांति और विश्राम के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान के रूप में जाना जाता है वहां कुछ बच्चों द्वारा नशीली दवाओं के दुरुपयोग का शिकार देखा गया है। स्थानीय निवासियों के मुताबिक कुछ बच्चों को प्लास्टिक की बोतलों से हुक्का बनाकर नशा करते देखा गया. यह पार्क महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए एक शांतिपूर्ण आश्रय स्थल है, लेकिन इस तरह के कुकृत्यों से स्थानीय नागरिकों में आक्रोश फैल गया है। निवासियों के अनुसार, पार्क में आने वाली महिलाएं और अन्य नागरिक इसे देखकर असुरक्षित महसूस करते हैं। नशे में धुत बच्चों की मौजूदगी दूसरों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करती है। नागरिकों ने इसकी शिकायत कर पार्क में सुरक्षा के कड़े कदम उठाने की मांग की है. स्थानीय महिलाओं ने कहा कि पार्क एक सार्वजनिक स्थान है और इस तरह का नशा करना और दूसरों को परेशान करना बेहद प्रतिबंधित है. नागरिकों की मांग है कि पुलिस तुरंत संज्ञान ले और इन बच्चों के खिलाफ कार्रवाई करे. घटना के बाद नागरिकों का मानना है कि पार्क में सीसीटीवी कैमरे लगाने और सुरक्षा गश्त बढ़ाने की जरूरत है. प्रशासन ने इस घटना को गंभीरता से लिया है और हुक्का और ऐसे नशीले पदार्थों पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की जा रही है.

# हाजीमलंग में सड़कों के लिए 102 करोड़ की निधि मंजूर



**कल्याण.** कल्याण पूर्व विधानसभा क्षेत्र के हाजीमलंग क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सड़कों के काम के लिए 102 करोड़ 25 लाख की विकास निधि प्राप्त हुई है. कल्याण पूर्व के भाजपा विधायक गणपत गायकवाड़ और सार्वजनिक निर्माण मंत्री रवींद्र चव्हाण के प्रयासों से यह सफलता मिली है. इन सड़कों के कंक्रीटीकरण के लिए भूमिपूजन विधायक गणपत गायकवाड़ की पत्नी सुलभा गायकवाड़ ने किया.

इस मौके पर सुलभा गायकवाड़ के साथ ठाणे जिला मध्यवर्ती बैंक के निदेशक राजेश पाटिल, कृषि उपज बाजार समिति के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र वारे, जीपी सदस्य शाम पाटिल, भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु म्हात्रे आदि उपस्थित थे।

इस 102 करोड़ 25 लाख के फंड से कल्याण पूर्व निर्वाचन क्षेत्र में काकोले बोहनोली धनगर पाड़ा रोड, रामा 80 से काकोले रोड का सुधार, नेवाली चिंचवली सड़क का सुधार, ग्राम नेवाली चौक से मंगरूल तालाब तक सड़क का कंक्रीटीकरण वअन्य कार्य कराए जाएंगे।

## मनपा ने किया भव्य सांस्कृतिक का आयोजन

- दिव्यांग छात्रों ने लिया कार्यक्रम में हिस्सा

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका दिव्यांग कल्याण योजना विभाग की ओर से दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में शहर के विभिन्न मूक, बधिर एवं मानसिक रूप से विक्षिप्त विद्यालयों के दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आयोजन दिव्यांग विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने और उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया था। कार्यक्रम उल्हासनगर मनपा आयुक्त विकास ढाकणे के मार्गदर्शन में सिंधु भवन उल्हासनगर 3 में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये, जिनमें नृत्य, गायन और नाटक शामिल थे। विद्यार्थियों के अनूठे कौशल ने उपस्थित सभी लोगों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में दिव्यांग स्कूलों के शिक्षक और नगर निगम के कर्मचारी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम से दिव्यांग विद्यार्थियों को एक मंच मिला है और उनकी प्रति को पहचान दिलाने में अहम योगदान मिला है। मनपा की इस पहल की हर स्तर से सराहना हो रही है. कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी शिक्षकों, अभिभावकों और मनपा टीम को विशेष बधाई दी।

# सेंचुरी रेयॉन कंपनी में परिवर्तन पैनल रद्द



- उच्च न्यायालय का आदेश
- कंपनी के बाहर कामगार एकता पैनल का जश्न

**कल्याण.** शहाड स्थित सेंचुरी रेयॉन कंपनी में यूनियन चुनाव में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कामगार एकता पैनल के सदस्यों ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था. इस मामले में हाई कोर्ट के आदेश से परिवर्तन पैनल को रद्द कर दिया गया है और सेंचुरी रेयॉन कंपनी में यूनियन चुनाव की तारीख 25 फरवरी 2025 तय की गई है. इस बीच, परिवर्तन पैनल को कंपनी के फैसलों में हस्तक्षेप करने से रोक दिया गया है।

पिछले 36 वर्षों से श्रमिकों के शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए संघर्ष कर रहा कामगार एकता पैनल त्रिवार्षिक चुनाव में विपक्ष से हार गया। चुनाव में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए जैसे ही कामगार एकता पैनल के अध्यक्ष राजाराम सालवी अदालत पहुंच गये. सबूतों के मुताबिक कोर्ट ने पूरे चुनाव मामले की जांच के आदेश दिये. कोर्ट ने बुधवार को पारित आदेश में कहा कि परिवर्तन पैनल को रद्द किया जा रहा है. यह भी कहा गया है कि कंपनी में कर्मचारियों के सवाल पर पैनल दखल नहीं दे सकता.

सेंचुरी रेयॉन कंपनी पिछले 36 वर्षों से कामगार एकता पैनल के माध्यम से श्रमिकों के विभिन्न सामाजिक रीति-रिवाजों, औद्योगीकरण की गति और श्रमिकों की शैक्षिक प्रगति के अधिकार के लिए काम कर रही है। हालाँकि, जैसे ही परिवर्तन पैनल में गड़बड़ियों का पता चला, वे पैनल के खिलाफ अदालत में पहुँच गए और सभी सबूत पेश किए, तो सत्य की जीत हुई.

# इको-फ्रेंडली स्पर्धा विजेता को मिलेगा 1 लाख का इनाम

- उल्हासनगर मनपा द्वारा प्रतियोगिता का आयोजन
- पंजीकरण का आज अंतिम दिन
- घरेलू और सार्वजनिक गणेश मंडलों में दिए जाएंगे
- कृत्रिम तालाबों में विसर्जन भी शामिल




**उल्हासनगर.** महाराष्ट्र सरकार के पर्यावरण विभाग के निर्देशों के अनुसार उल्हासनगर मनपा ने नागरिकों के बीच पर्यावरण-अनुकूल त्योहार मनाने के बारे में जागरूकता की पहल की है। आयुक्त एवं प्रशासक विकास ढाकने, अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर और उपायुक्त डॉ. सुभाष जाधव के मार्गदर्शन में पर्यावरण विभाग प्रमुख विशाखा सावंत ने इको-फ्रेंडली गणेश सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया है। इस प्रतियोगिता में एक लाख रुपये के नकद पुरस्कार क्रमशः घरेलू गणेश सजावट और सार्वजनिक गणेश उत्सव मंडलों के बीच बांटे जाएंगे। प्रतियोगिता के मुख्य मानदंडों में शाडु मिट्टी की मूर्तियों की स्थापना, थर्माकोल और प्लास्टिक सामग्री के उपयोग से बचना और घरेलू या नगरपालिका कृत्रिम तालाबों में विसर्जन शामिल है। विशाखा सावंत ने मूर्ति विसर्जन के बाद बची हुई मिट्टी को पुनः उपयोग के लिए नगर निगम कार्यालय में एकत्र करने की भी अपील की है. प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए नागरिकों को www.umcmajhivasundhara.in लिंक पर पंजीकरण करना आवश्यक है, और पंजीकरण 6 सितंबर 2024 तक खुला है। टूर्नामेंट लिंक का अनावरण 3 सितंबर 2024 को सिंधुभवन, उल्हासनगर में आयुक्त विकास ढाकने द्वारा किया गया था। उल्हासनगर मनपा द्वारा शहर के नागरिकों से अपील करता है कि वे इस प्रतियोगिता में भाग लें और अपने त्योहारों को पर्यावरण अनुकूल बनाकर उल्हासनगर शहर को स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषण मुक्त बनाने में योगदान दें।

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## कानून बनाने के बाद भी नहीं मिल रहा इंसाफ

पश्चिम बंगाल सरकार ने बलात्कार के मामलों में दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए मौजूदा कानून में संशोधन कर नया विधेयक पारित कर दिया है। इसमें मामलों की जल्द जांच और त्वरित न्याय दिलाने के साथ-साथ दोषियों को मृत्युदंड की सजा का प्रावधान भी किया गया है। कोलकाता के आरजी कर कालेज एवं अस्पताल में एक महिला चिकित्सक के बलात्कार और हत्या के बाद प्रदेश सरकार ने यह कदम उठाया है।

ऐसा पहली बार नहीं है जब किसी सरकार ने महिला सुरक्षा से संबंधित मौजूदा कानून में संशोधन किया है। इससे पहले भी केंद्रीय और राज्य स्तर पर संशोधन के जरिए कानूनों को कड़ा करने के प्रयास किए गए हैं। मगर, सवाल है कि क्या इन कोशिशों के बावजूद बलात्कार जैसे घृणित कृत्यों में कमी आई है?

पश्चिम बंगाल के नए विधेयक में महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले यौन अपराधों को संज्ञेय और गैर-जमानती बनाया गया है। राज्य सरकार का दावा है कि बलात्कार से संबंधित केंद्रीय कानून में कुछ कमियां रह गई हैं, इसलिए विधानसभा में संशोधित विधेयक पारित किया गया। पर क्या कड़े कानून बना देने भर से महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर अंकुश लग पाएगा? दिसंबर 2012 में निर्भया कांड के बाद महिला सुरक्षा संबंधी केंद्रीय कानून में सख्त प्रावधान किए गए थे। यहां तक कि जघन्य अपराधों को अंजाम देने वाले किशोरों की उम्र सीमा को लेकर भी किशोर न्याय अधिनियम में संशोधन किया गया था।

नवंबर 2019 में हैदराबाद में एक युवती के बलात्कार और हत्या के बाद आंध्र प्रदेश सरकार ने भी ऐसे मामलों में सख्त सजा का प्रावधान करने के लिए विधानसभा में संशोधित विधेयक पारित किया था। इन सारी कोशिशों के बावजूद राष्ट्रीय अपराध रेकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक 2012 से पहले हर वर्ष बलात्कार के औसतन पच्चीस हजार मामलों की तुलना में 2013 में यह आंकड़ा तैंतीस हजार और 2016 में उनतालीस हजार के करीब पहुंच गया।

इससे साफ है कि सिर्फ सख्त कानून बना देने से किसी अपराध पर लगाम नहीं लगाई जा सकती। जरूरत है तो इन कानूनों को सख्ती से लागू करने और लापरवाही बरतने वालों की जवाबदेही तय करने की।

# स्मार्ट औद्योगिक शहर बिना हमारा काम नहीं चलेगा

राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (एनआईसीडीपी) के तहत 12 स्मार्ट औद्योगिक शहर बनाने का भारत का हालिया नीतिगत फैसला बहुत खास है। यह भारतीय विनिर्माण क्षेत्र को बदलने और खूब रोजगार पैदा करने की तैयारी है। यह नीति भारत की निर्यात क्षमताओं को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और वैश्विक मूल्य श्रृंखला (जीवीसी) में देश की हिस्सेदारी बढ़ाने में भी मदद करेगी।

भारत के विनिर्माण क्षेत्र ने 2023-24 में सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) में 14 प्रतिशत का नाममात्र योगदान दिया, फिर भी इसमें 9.9 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि हुई। निर्माण क्षेत्र भी समान दर से बढ़ा, जिसकी जीवीए में नौ प्रतिशत हिस्सेदारी है। साल 2024-25 के केंद्रीय बजट में बुनियादी ढांचे के लिए 11.11 ट्रिलियन रुपये (जीडीपी का 3.4 प्रतिशत) के बड़े आवंटन के साथ-साथ स्मार्ट सिटी मिशन, औद्योगिक गलियारा विकास, राष्ट्रीय एकल खिड़की प्रणाली और एक जिला एक उत्पाद योजना जैसी सरकारी पहल शामिल है। अब 12 औद्योगिक शहर बनाने की घोषणा सरकार के इसी इरादे की एक कड़ी है। भारत की विदेश व्यापार नीति 2023 के तहत साल 2030 तक एक ट्रिलियन डॉलर के व्यापारिक निर्यात का लक्ष्य रखा गया है। इन 12 शहर परियोजनाओं में से चार निर्माणाधीन हैं, जबकि चार आवंटन के लिए तैयार हैं। ये 12 शहर 10 राज्यों व छह प्रमुख औद्योगिक गलियारों का विस्तार करेंगे। यह शहर निर्माण कार्यक्रम पीएम गति शक्ति के लक्ष्यों के



अनुरूप ही है। इस कार्यक्रम में अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक गलियारे में पांच, दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारे में दो और विजाग-चेन्नई, हैदराबाद-बेंगलुरु, हैदराबाद-नागपुर, चेन्नई-बेंगलुरु औद्योगिक गलियारे में एक-एक शहर परियोजना शामिल है। 28,600 करोड़ रुपये के प्रस्तावित बजट से 10 लाख लोगों को प्रत्यक्ष और 30 लाख लोगों को परोक्ष रोजगार मिल सकता है। इसके अलावा नए शहर बनेंगे, तो आसपास के इलाकों को भी आर्थिक फायदा होगा।

देश के विकास के लिए राज्यों की निर्यात-क्षमता को बढ़ाना बहुत जरूरी है। कुछ ऐसे क्षेत्र हैं, जहां भारत उत्पाद निर्माण और निर्यात के लिए बड़े प्रयास कर सकता है। इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम्स, डिजाइन विनिर्माण, खाद्य और पेय पदार्थ, फार्मास्यूटिकल्स, कपड़ा और परिधान, ऑटोमोबाइल और ऑटो घटकों, मशीनरी व उपकरण और निर्माण सामग्री जैसे क्षेत्रों में राज्यों की निर्यात-क्षमता को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इन नए शहरों में बड़े निवेशकों के साथ ही छोटे निवेशकों को भी पूरी मदद करने की योजना है।

शहर निर्माण की यह पहल 1.5 ट्रिलियन रुपये की समग्र निवेश क्षमता पैदा करने की संभावना रखती है। ध्यान दें कि कुछ प्रस्तावित शहर उन राज्यों में स्थित हैं, जो पहले से ही निर्यात के मोर्चे पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जैसे महाराष्ट्र और तेलंगाना। अच्छी बात है कि नीति में यह भी ध्यान रखा गया है कि बिहार, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश जैसे कम निर्यात हिस्सेदारी वाले राज्यों को भी शामिल किया जाए। खास बात यह भी है कि यह शहर निर्माण कार्यक्रम भारत के जलवायु लक्ष्यों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। जल को फिर उपयोग लायक बनाना और कूड़ा-कचरा के सही निस्तारण की भी चिंता की गई है। सर्कुलर इकोनॉमी के सिद्धांतों और वॉक-टु-वर्क जैसी अवधारणाओं को भी इस कार्यक्रम में शामिल किया गया है। इसमें अक्षय ऊर्जा का भी पूरा इंतजाम रखने की योजना है। साल 2030 तक क्षमता और 2070 तक शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करना है। हरित निर्यात को न केवल बढ़ावा देना है, बल्कि हरित मैन्युफैक्चरिंग की स्थायी व्यवस्था करने की योजना है। यदि हमने हरित उत्पादन की चिंता की, तो विश्व स्तर पर हमारे भागीदारों की भी संख्या बढ़ेगी। जरूरी है कि नए शहरों में उच्च तकनीकी में सक्षम श्रमिकों को आकर्षित करने के लिए पुख्ता बुनियादी ढांचा दिया जाए। स्मार्ट डिजिटल प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाया जाए। एक साथ कई उद्देश्यों को पूरा करने के साथ, भारत की औद्योगिक शहर परियोजनाएं निर्यात और आर्थिक विकास के लिए क्रांतिकारी सिद्ध हो सकती हैं।





जितना अधिक हम ध्यानाभ्यास करेंगे, उतने ही अधिक शांत भाव के साथ हम दैनिक चुनौतियों का सामना कर पाएँगे।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# गोरक्षा के नाम पर हिंसा

इन दिनों फिर गोरक्षकों के उन्माद और गोरक्षा के नाम पर होने वाली भीड़ हिंसा को लेकर तीखे सवाल उठने शुरू हो गए हैं। हरियाणा के फरीदाबाद में गोतस्कर होने के शक में एक उन्नीस वर्षीय युवक की गोली मार कर हत्या कर दी गई। पूछा जा रहा है कि गोरक्षा के नाम पर किसी को जान से मार देने का हक आखिर इन रक्षकों को किसने दिया है। उन्हें शह और संरक्षण कहां से मिलता है।

फरीदाबाद की घटना करीब दस दिन पुरानी है। इस संबंध में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने गलतफहमी की वजह से गोली चला दी। उन्हें सूचना मिली थी कि कुछ गोतस्कर गाय ले जाने की योजना बना रहे हैं। उसी के आधार पर उन्होंने नजर रखनी शुरू की। जब उन्हें एक गाड़ी पर शक हुआ और उसे रोकने का प्रयास किया, तो वह और तेज दौड़ने लगी। इसलिए उन्होंने गोली चला दी और उसमें एक युवक मारा गया। इस घटना के बाद चरखी-दादरी में एक कचरा बीनने वाले व्यक्ति को इस शक के आधार पर जान से मार डाला गया कि वह गोमांस खा रहा था। कुछ दिनों पहले महाराष्ट्र में एक बुजुर्ग को कुछ युवकों ने गोमांस रखने के शक में बुरी तरह पीटा।

गोतस्करी और गोमांस की बिक्री रोकने के लिए हिंसा की घटनाएं हरियाणा सहित कई राज्यों में बढ़ी हैं। राजस्थान, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में भी कई ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें गोतस्करी का आरोप लगा कर भीड़ या फिर गोरक्षा दल के सदस्यों ने कई लोगों को पीट-पीट कर मार डाला। कुछ घटनाएं, तो बहुत वीभत्स थीं, जिनमें हिंसा करने वालों ने तस्वीरें बना कर सार्वजनिक की। उनसे यही जाहिर हुआ कि गोरक्षा उनके लिए आस्था का नहीं, बल्कि उन्माद प्रदर्शन का मामला है।



हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश आदि भाजपा शासित राज्यों में गोतस्करी, गोमांस की बिक्री आदि पर रोक है। इसके लिए कड़े कानून हैं। कुछ लोगों का कहना है कि गोरक्षकों को उन कानूनों से प्रोत्साहन मिलता है। गाय के प्रति उनमें आस्था है, इसलिए वे इस तरह गोतस्करी, गोमांस की बिक्री और उपभोग को बर्दाश्त नहीं कर पाते। गाय के प्रति किसी की आस्था और उसकी रक्षा पर शायद ही किसी को एतराज हो, मगर सवाल है कि इस आधार पर किसी को किसी की हत्या कर देने का अधिकार कैसे मिल सकता है। बहुत सारे लोगों की नाराजगी इस बात से है कि गोरक्षकों के उत्पात पर संबंधित राज्यों की पुलिस का रवैया न्यायपूर्ण नजर नहीं आता। सवाल है कि जिन राज्यों में गोरक्षा संबंधी कानून लागू हैं, वहां इसकी जिम्मेदारी पुलिस के बजाय गोरक्षा दल के लोगों को क्यों निभानी पड़ रही है। करीब पांच वर्ष पूर्व पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने इस बात पर हरियाणा पुलिस को कड़ी फटकार लगाई थी कि गोतस्करी के मामलों में दोष सिद्धि की दर इतनी कम क्यों है।

# बिहार की इस गुफा को कहते हैं पाताल का रास्ता

बिहार के जमुई जिले में एक बड़ा क्षेत्र जंगलों से ढका हुआ है. इन जंगलों के बीच ऐसे कई रहस्य हैं, जिन्हें जानकर आप हैरान रह जाएंगे. जमुई के जंगलों में एक ऐसी गुफा है, जिसे पाताल का रास्ता कहा जाता है. ऐसा कहा जाता है कि आज तक इस गुफा में जो भी गया है, वह कभी वापस नहीं लौट सका है. इतना ही नहीं, इस गुफा की दीवारों पर ऐसी आकृतियां बनी हैं, जिन्हें आज तक कोई समझ नहीं पाया. लोग इसके पीछे दैवीय शक्ति को भी कारण मानते हैं और लोगों के बीच इसे लेकर कई सारी कहानियां भी प्रचलित हैं. यहां के लोगों को इस गुफा से इतना

**जरा हट के**

डर लगता है कि इस गुफा के मुहाने को लोगों ने एक बड़े पत्थर से बंद किया हुआ है.

### गायब हो गई थी पूरी की पूरी बारात

स्थानीय लोगों ने लोकल 18 को बताया कि इस गुफा में



जो भी गया, वह कभी बाहर नहीं निकल सका. कई साल पहले पालकी पर सवार होकर एक दुल्हन, उसका दूल्हा और करीब 15 की संख्या में वरयात्री जा रहे थे. शाम हो गई थी और बारिश शुरू हो गई, तो उन लोगों ने वहीं रुकने का निर्णय लिया और इसी गुफा में जाकर बैठ गए. थोड़ी देर के बाद लोगों को पता चला कि दुल्हन गायब हो गई है. देखते ही देखते दूल्हा भी गायब हो गया और कुछ समय के बाद सभी बाराती भी रहस्यमयी तरीके से लापता हो गए. अगली सुबह जब ग्रामीणों को इस बात की जानकारी मिली, जब लोग वहां पहुंचे तो उन्होंने देखा कि गुफा की दीवार पर दूल्हा, दुल्हन, पालकी और उनके बाराती के चित्र बनाए हुए हैं, जिसके बाद लोगों ने इसे "कोहबर" का नाम दे दिया. यहां के लोगों में इस गुफा को लेकर डर का भी माहौल देखने को मिलता है. इस गुफा के आसपास एक आदिवासियों की बस्ती है, जिसमें करीब 15 आदिवासी परिवार रहते हैं. इन परिवारों में इस गुफा को लेकर कुछ इस कदर खौफ है कि लोग इसके बारे में बोलने से भी परहेज करते हैं. स्थिति ऐसी है कि दिन के वक्त मवेशी चराने वाले लोग तो गुफा के आसपास चले जाते हैं, लेकिन शाम होने के बाद इसके आसपास भी कोई नहीं जाता.

# आप भी खा रहे होंगे नकली सब्जियां-फल!

■ **बाजार में खरीदते समय ऐसे करें असली की पहचान**

इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से बढ़ते बाजार में नकली फल और सब्जियों की खबरें सामने आ रही हैं, जिससे आम लोगों में चिंता बढ़ रही है. खाद्य सुरक्षा से जुड़े विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि कुछ असामान्य तरीके अपनाकर नकली फल और सब्जियां बनाई जा रही हैं, जो न केवल स्वाद में घटिया होती है, बल्कि सेहत के लिए भी नुकसानदायक हो सकती हैं.

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय डॉ. वेद प्रकाश मिश्र ने बताया कि नकली फल और सब्जियों को बनाने के लिए कई बार सिंथेटिक केमिकल्स, प्लास्टिक और कृत्रिम



रंगों का इस्तेमाल किया जाता है. जो कि देखने में असली जैसी लगती हैं, लेकिन इनके सेवन से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं. उदाहरण के लिए नकली सेब को शेलैक या वैक्स से कोट किया जाता है, जिससे वह चमकदार दिखे और नकली टमाटर को रेड डाई से रंगा जाता है.

उन्होंने कहा कि अगर फल या सब्जी असामान्य रूप से चमकदार और गहरे रंग की है, तो उसके नकली होने की संभावना हो सकती है. असली फल-सब्जियां अक्सर प्राकृतिक रंग और हल्की चमक के साथ आती हैं. बहुत अधिक चमक कोटिंग या केमिकल्स का संकेत हो सकता है. असली फल और सब्जियों में एक प्राकृतिक खुशबू होती है. नकली या केमिकल से बने उत्पादों में कोई खास गंध नहीं होती या उनमें से रासायनिक गंध आ सकती है. फल और सब्जी को सूंघकर उसकी प्राकृतिक खुशबू की जांच करें.

वहीं उन्होंने कहा कि फल या सब्जी को काटकर उसकी अंदरूनी बनावट की जांच करें. नकली फल और सब्जियों में अंदर का रंग बाहरी रंग से मेल नहीं खा सकता है. अगर अंदर का रंग असामान्य रूप से हल्का या गहरा है, तो वह नकली हो सकता है. छोटे आकार के फल या सब्जियों को पानी में डुबोएं. असली उत्पाद आमतौर पर पानी में डूब जाते हैं, जबकि नकली या केमिकल से भारी किए गए फल-सब्जियां पानी में तैर सकती हैं.

फल को हल्के से टैप करें. असली फल में हल्की आवाज होगी और नकली फल में आवाज नहीं होगी या भारी आवाज आएगी. नकली फल अक्सर घने और ठोस होते हैं.

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय डॉ. वेद प्रकाश मिश्र ने कहा कि 'नकली फल और सब्जियों की पहचान करना मुश्किल हो सकता है, लेकिन उपभोक्ताओं को सतर्क रहना चाहिए. ऊपर बताए गए तरीकों का उपयोग करके आप आसानी से नकली और असली उत्पादों के बीच अंतर कर सकते हैं. इसके अलावा, किसी भी असामान्य दिखने वाले उत्पाद को न खरीदें. नकली का तात्पर्य यह है कि फल और सब्जियों को बेहतर दिखाकर ग्राहकों को लुभाने के लिए नुकसानदायक तत्वों का प्रयोग करना.

# बची दाल से बनाएं पराठे




**अधिकतर लोग रात में बची हुई दाल को कचरे में फेक देते हैं, लेकिन ऐसा करने से समान खराब जाता है साथ ही आपको इसे फेकते वक्त बहुत बुरा लगता है. अगर आप भी रात की बची हुई दाल का इस्तेमाल करना चाहते हैं, तो यह खबर आपके लिए है. आज हम आपको एक ऐसी रेसिपी के बारे में बताएंगे, जिसे फॉलो कर आप रात की बची हुई दाल का इस्तेमाल कर सकते हैं. आइए जानते हैं उस डिश के बारे में.**

बची हुई दाल से आप स्वादिष्ट और चटपटे पराठे बना सकते हैं. ये पराठे आप नाश्ते या दोपहर के भोजन में खा सकते हैं. यही नहीं अगर आपका बच्चा खाना खाने में नाटक करता है, तो आप इन पराठे को अपने बच्चों के टिफिन में पैक करके दे सकते हैं. इससे आपका बच्चा बड़े चाव से पराठे खाएगा.

### सामग्री

बची हुई रात की दाल से पराठे बनाने के लिए आपको कुछ सामग्री की जरूरत पड़ेगी. जैसे 1 कप बची हुई दाल, 1 कप गेहूं का आटा, 1/4 छोटी चम्मच गरम मसाला, 1/2



छोटी चम्मच अजवाइन, 1/4 छोटी चम्मच हींग, 1 छोटी चम्मच लाल मिर्च पाउडर, 1 छोटी चम्मच धनिया पाउडर, स्वादानुसार नमक और तेल या घी तलने के लिए. आप इन सभी सामग्री का इस्तेमाल कर टेस्टी दाल के पराठे बना सकते हैं.

बनाने का तरीका

दाल के पराठे बनाने के लिए सबसे पहले बची हुई दाल को अच्छी तरह से मसल लें, ताकि कोई दाने न रह जाएं. इसके बाद आप एक बड़े बर्तन में गेहूं का आटा लें. इसमें अजवाइन, हींग, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, गरम मसाला और नमक डालकर अच्छी तरह मिला लें. अब इसमें मसली हुई रात की बची दाल डालकर थोड़ा-थोड़ा पानी डालते हुए आटा गूंथ लें.

जब आपका आटा अच्छी तरह से गूंध जाएं, तब आप इस आटे की छोटी-छोटी लोइयां बनाकर प्रत्येक लोई को बेलकर गोल आकार दे दें. अब इसमें थोड़ा सा तेल लगाकर फिर से बेल लें. अब आप गैस पर एक तवा गर्म करें और उस पर पराठे को रख कर दोनों तरफ से पका लें,

# पूजा के अलावा भी किया जा सकता है कपूर का इस्तेमाल

■ **ऐसे करें उपयोग, मिलेंगे कई स्वास्थ्य लाभ**



**अक्सर हिंदू घरों में पूजा-पाठ के काम में एक सफेद चीज का इस्तेमाल किया जाता है, इसे कपूर कहते हैं. कपूर का इस्तेमाल घर में भगवान की आरती करने में किया जाता है, इसकी सुगंध तेज और आकर्षक होती है. पर क्या आप जानते हैं कपूर का प्रयोग हम सेहत के लिए भी कर सकते हैं.**

### 1. सेहत के लिए फायदेमंद है कपूर

कपूर हेल्थ के लिए बड़ा फायदेमंद और गुणकारी माना जाता है, इसमें कई औषधीय गुण और एंटीएजेंट्स पाए जाते हैं जो स्वास्थ्य को लाभ पहुंचाता है. आयुर्वेद में भी कपूर की अहम भूमिका रही है. जानिए कैसे कर सकते है कपूर का यूज.

### 2. सांस लेने में दिक्कत

यदि किसी का ऑक्सीजन लेने में कमी महसूस हो रही है, तो उसे कपूर सूंघा दे, ऐसा करने से शरीर का ऑक्सीजन लेवल बैलेंस हो जाएगा. अगर घर में घुटन की समस्या हो रही है तो 2-3 कपूर की गोलियों को जलाकर घर में घुमाएं.

### 3. डैंड्रफ की समस्या

अगर बालों में डैंड्रफ की समस्या रहती है तो कपूर को पीसकर नारियल तेल में मिक्स करके लगाएं, इस मिश्रण को बालों की जड़ों पर अच्छे से लगाएं. ऐसा रोजाना करने से डैंड्रफ की समस्या कम होती है.

### 4. सर्दी-जुकाम से छुटकारा

सर्दी-जुकाम में भी कपूर फायदेमंद होता है, इसके लिए आपको गर्म पानी में कपूर मिलाकर उस पानी का भाप लेना चाहिए. कपूर की भाप से सर्दी-जुकाम वाले कीटाणु नष्ट होते हैं.

### 5. स्किन इंफेक्शन में दिलाए राहत

शरीर में किसी भी प्रकार की स्किन एलर्जी, खुजली या रैशेज हो रहे हैं तो नारियल तेल और कपूर मिलाकर उस जगह पर लगा दें. इससे स्किन पर हो रही जलन से राहत मिलेगी और दर्द भी कम होगा. साथ ही इंफेक्शन वाले बैक्टीरिया भी मरेंगें.

### 6. पैरों की सूजन कम करें

किसी कारण आपके पैरों में सूजन हो रही है तो इसके लिए गर्म पानी में कपूर और नमक मिलाकर कुछ देर के लिए अपने पैरों को इस पानी में रख सकते हैं. यह सूजन और दर्द कम करने में मदद करेगा. इससे नसों में हो रहे दर्द से छुटकारा पाया जा सकता है.

# कपड़े पर पड़ जाए चाय का दाग तो....

**चाय की चुस्कियां किसे पसंद नहीं होतीं. हर कोई दिन में एक न एक बार चाय जरूर पी लेता है, लेकिन यही तलब कई बार उस वक्त मुसीबत में डाल देती है, जब चाय की कुछ बूंदें कपड़ों पर गिर जाती हैं और उसके निशान कपड़ों पर पड़ जाते हैं, जिन्हें साफ करना किसी जंग लड़ने से कम नहीं होता. आइए आपको ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं, जिनकी मदद से आप चाय के निशान को चुटकियों में साफ कर सकती हैं.**



■ **बड़े काम का है नींबू**

अगर कपड़े पर चाय गिर गई है तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है. आप नींबू की मदद से कपड़े पर लगे चाय के निशान को आसानी से साफ कर सकती हैं. इसके लिए आपको एक नींबू काटना होगा. अब इस टुकड़े को कपड़े के दाग वाले हिस्से पर कुछ देर के लिए रगड़ दीजिए. इसके बाद कपड़े को धो दीजिए. चाय का निशान चुटकियों में साफ हो जाएगा, क्योंकि नींबू बेस्ट ब्लीचिंग एजेंट होता है.

■ **सिरका भी आता है काम**

आप कपड़े पर लगे चाय के निशान सिरका लगाकर भी साफ कर सकती हैं. इसके लिए आपको एक बाल्टी पानी लेना होगा, जिसमें आधा कप सफेद सिरका मिला लीजिए. अब करीब 20-25 मिनट के लिए कपड़े को इस घोल में भिगो दीजिए, जिसके बाद कपड़े को धो दीजिए. इस तरकीब से कपड़ा एकदम साफ हो जाएगा.

■ **आलू से भी साफ कर सकते हैं कपड़ा**

अगर आप नींबू और सिरका इस्तेमाल नहीं करना चाहती हैं तो आप आलू की मदद से भी कपड़े पर लगे चाय के निशान को बेहद आसानी से साफ कर सकती हैं. आपको सबसे पहले आलू को उबालना होगा. उबलने के बाद आलू को छील लीजिए. अब छिले हुए आलू को कपड़े पर रगड़ दीजिए और कुछ देर बाद कपड़े को धो लीजिए. आप देखेंगी कि कपड़े से चाय के निशान चुटकियों में गायब हो गए हैं.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल

**मेष** : धनार्जन सुगम होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। दूर यात्रा की योजना बन सकती है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। बेचैनी रहेगी।

**वृषभ** : वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी के व्यवहार से क्लेश हो सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी। पारिवारिक चिंता में वृद्धि होगी। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलेगी। तनाव रहेगा।

**मिथुन** :शत्रु नतमस्तक होंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बाधा संभव है। फालतू खर्च होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**कर्क** :लेन-देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार में तनाव रह सकता है। शुभ समाचार मिलेंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ मनोरंजन का कार्यक्रम बन सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**सिंह** : रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

**कन्या** :अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी विवाद में उलझ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जोखिम न उठाएं। घर-बाहर असहयोग मिलेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। आय में कमी हो सकती है।

**तुला** :बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बेचैनी रहेगी। थकान महसूस होगी। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे।

**वृश्चिक** : नई आर्थिक नीति बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कारोबारी अनुबंधों में वृद्धि हो सकती है। समय का लाभ लें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। कानूनी बाधा आ सकती है। विवाद न करें।

**धनु** :बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। काम का विरोध होगा। तनाव रहेगा। कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल होंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है। प्रमाद न करें।

**मकर** : स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद से क्लेश संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। अपेक्षित कार्यों में अप्रत्याशित बाधा आ सकती है। तनाव रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें।

**कुंभ** : कष्ट, भय, चिंता व बेचैनी का वातावरण बन सकता है। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मातहतों से संबंध सुधरेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। जल्दबाजी न करें। कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**मीन** : धन प्राप्ति सुगम होगी। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है। भूमि, भवन, दुकान व फैक्टरी आदि के खरीदने की योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। अपरिचितों पर अतिविश्वास न करें। प्रमाद न करें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### घर में घुसकर छिड़का बेहोशी का स्प्रे, लाखों की चोरी कर अपराधी फरार

**मेरठ.** मेरठ के नौचंदी थानाक्षेत्र में शास्त्रीनगर सेक्टर-13 में दो सितंबर की रात को मकान में घुसकर लाखों रुपये का सामान और नकदी चोरी कर ली गई। वहीं, गोलाकुआं पर भी मकान में चोरी को अंजाम दिया गया। एक परिचित ही सामान लेकर फरार हो गया। वहीं, परतापुर में करीब 10 लाख रुपये कीमत के मवेशी चोरी किए गए। नौचंदी थानाक्षेत्र स्थित शास्त्रीनगर 600/13 निवासी आरिफ ने बताया कि दो सितंबर की रात को उनके एक रिश्तेदार की मौत हो गई थी। इसी के चलते वह रिश्तेदार के घर गए थे। पत्नी और बच्चे घर पर ही अकेले थे। देररात किसी चोर ने मुख्य गेट की शीट को तोड़ दिया और इसके बाद दरवाजा अंदर हाथ डालकर खोल लिया। चोरों ने मकान में पहुंचने के बाद संभवत पत्नी और बच्चों पर बेहोशी का स्प्रे कर दिया। इसके बाद चोरों ने कमरे की अलमारी में रखे हुए एक लाख रुपये की नकदी, सोने की चेन, डायमंड की अंगूठी और एक आईफोन मोबाइल चोरी कर लिया।

### बिल ही शून्य कर दे रहे कर्मचारी, सरकारी खजाने का पैसा रख रहे अपनी जेब में

अयोध्या रोड पर एक व्यावसायिक बिल्डिंग पर पानी और सीवर का 5,54,551 रुपए बिल बकाया था। जलकल के कर्मचारियों ने इसका पानी का बिल शून्य कर दिया। कैशियर ने 80,176 रुपए जमाकर पूरा बिल खत्म कर दिया। एक अन्य बिल्डिंग पर पानी तथा सीवर का टैक्स 3,34,060 रुपए था। इसका 15 प्रतिशत सरकारी खजाने में जमा कराया बाकी शून्य कर दिया। यह पैसा कर्मचारियों की जेब में चला गया। यही दो मामले नहीं, ऐसे दर्जनों प्रकरण सामने आए हैं जिसमें जल कल के कर्मचारियों ने सरकारी खजाने का पैसा अपनी जेब में रख लिया है। वह विभाग को भारी वित्तीय क्षति पहुंचा रहे हैं लेकिन जलकल के आला अधिकारी उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

### 11 साल के बच्चे का अपहरण कर हत्या

**सीतापुर.** सीतापुर में 11 साल के बच्चे का अपहरण करके चार अपहरकर्ताओं ने हत्या कर दी। उसका शव लखीमपुर में नहर में फेंक आए। चारों अपहरकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना सकरन थाना क्षेत्र के सिरकिड़ा गांव की है। यहां के निवासी शुभम मिश्रा पुत्र कृष्ण कुमार निवासी ने तीन सितम्बर को थाने में तहरीर दी कि उनका भतीजा शिव्यांश(12)पुत्र स्व. विकास घर से बिना बताए कहीं चला गया है। पुलिस ने संदेह के आधार पर चार आरोपियों अंकुर त्रिवेदी(25) पुनीत शुक्ला( 20 ) रिंकू मिश्रा (22) अभिषेक कुमार(17) उर्फ राज को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की।

# कर्नाटक में कांग्रेस बदल सकती है CM

■ **मल्लिकार्जुन खरगे के नाम की भी अटकलें**

**नई दिल्ली.** MUDA मामले को लेकर कर्नाटक में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को बदले जाने की अटकलें तेज हो रही हैं। हालांकि, इसे लेकर पार्टी ने आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है। खबरें हैं कि इस मामले में कांग्रेस आलाकमान भी सक्रिय नजर आ रहा है। कहा जा रहा है कि राज्य के कुछ नेता कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम पर भी जोर दे रहे हैं।

न्यू इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, कांग्रेस आलाकमान विवाद से बचने के लिए सर्वसम्मति से उम्मीदवार चुनने की योजना बना रहा है। इधर, विपक्ष की तरफ से भी सीएम को बदले जाने का दबाव बनाया जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, पार्टी इस बात पर अब तक फैसला नहीं लिया है कि सिद्धारमैया की जगह कमान उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को सौंपी जाए या किसी पिछड़े वर्ग के नेता को मौका दिया जाए।



■ **दिल्ली पहुंचे थे जरकिहोली**

■ खबर है कि रविवार को वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात के लिए जरकिहोली नई दिल्ली पहुंचे थे। इसके साथ ही अटकलें तेज हो गई हैं कि पार्टी उन्हें मौका देने का मन बना रही है। कहा जा रहा है कि उनके पास 30 से ज्यादा विधायकों का समर्थन है, जिनमें 15 अनुसूचित जनजाति समुदाय से आते हैं। उनके परिवार में तीन विधायक, एक एमएलसी और एक सांसद भी है।

■ माना जाता है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के भी जरकिहोली परिवार से करीबी संबंध हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पार्टी सूत्रों ने बताया है कि अगर पार्टी सिद्धारमैया की सहमति लेती है, तो जरकिहोली उनकी पसंद हो सकते हैं। सूत्रों के हवाले से बताया गया कि सांसद राहुल गांधी ने भी राज्य में राजनीतिक घटनाक्रमों को लेकर जरकिहोली से चर्चा की है।

**कौन-कौन रेस में**

रिपोर्ट के अनुसार, सिद्धारमैया की जगह शिवकुमार का नाम आगे चल रहा है। इधर, आलाकमान पिछड़ा वर्ग को साधने के लिए पिछड़े वर्ग के ही उम्मीदवार को पद देने की संभावनाएं तलाश रहा है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि पार्टी नेताओं का एक समूह खरगे के नाम को आगे बढ़ा रहा है। वहीं, एक समूह PWD मंत्री सतीश जरकिहोली जैसे लोकप्रिय नेताओं के पीछे खड़ा नजर आ रहा है। फिलहाल, पार्टी ने आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है।

### खाई में गिरी सेना की कार, चार जवानों की मौत; बंगाल से जा रहे थे सिक्किम

सिक्किम के पाकयोंग जिले में एक दर्दनाक हादसा हुआ, जहां सेना के एक वाहन के गहरी खाई में गिरने से 4 जवान शहीद हो गए। यह हादसा तब हुआ जब सेना का वाहन ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी रास्ते पर यात्रा कर रहा था। अधिकारियों ने बताया कि पश्चिम बंगाल के पेडोंग से सिक्किम के जुलुक जाते समय गुरुवार को सड़क दुर्घटना में कम से कम चार भारतीय सेना के जवानों की मौत हो गई।

# सुप्रीम कोर्ट बोला- धामी CM हैं तो कुछ भी करेंगे?

■ **विवादित अधिकारी को टाइगर रिजर्व का डायरेक्टर बनाने पर फटकार लगाई**

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने IFS अफसर राहुल को उत्तराखंड के राजाजी टाइगर रिजर्व का डायरेक्टर बनाने पर नाराजगी जताई है। जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस पीके मिश्र, जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने बुधवार को कहा- जिस अफसर को पेड़ों की अवैध कटाई के केस में जिम कार्बेट टाइगर रिजर्व से हटाया गया, उसे रिजर्व का डायरेक्टर क्यों बना दिया?



कोर्ट ने कहा, हम सामंती युग में नहीं हैं कि जैसा राजा जी बोलें वैसा ही होगा। वन संबंधी मामलों की निगरानी के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर बनी समिति ने बताया- उत्तराखंड के CM पुष्कर सिंह धामी ने राहुल को डायरेक्टर बनाया है, जबकि विभागीय मंत्री व मुख्य सचिव इस पक्ष में नहीं थे। हालांकि, राज्य सरकार ने बताया कि नियुक्ति आदेश 3 सितंबर को वापस ले लिया गया है।

जिम कार्बेट में गड़बड़ी का मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है और CBI जांच जारी है। उत्तराखंड सरकार के वकील ने अगली सुनवाई पर स्पष्टीकरण देने की बात कही। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई टाल दी।

**टूरिज्म स्पॉट बनाने के लिए काटे गए थे पेड़**

यह मामला 2017 से 2022 के बीच का है। जब जिम कार्बेट में टाइगर सफारी और दूसरी टूरिज्म सर्विस स्पॉट बनाने के लिए पेड़ों को काटा गया था। राष्ट्रीय उद्यान में चारदीवारी और इमारतों को भी बनाया गया। उस समय हरक सिंह रावत राज्य के वन मंत्री थे।

देहरादून की रहने वाली अनु पंत ने भी उत्तराखंड हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। तब याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि कार्बेट में 6,000 पेड़ों की कटाई की गई थी। इसके बाद मामला सुप्रीम कोर्ट के पास पहुंचा। CBI भी मामले की जांच कर रहा है।

# पुतिन यूक्रेन से बातचीत के लिए राजी

**कहा- जंग रोकने के लिए भारत-चीन मध्यस्थता कर सकते हैं; यूक्रेन की जमीन छोड़ने को तैयार नहीं**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि वे जंग में समझौते को लेकर यूक्रेन से बातचीत के लिए तैयार हैं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, पुतिन ने कहा है कि भारत, चीन या ब्राजील दोनों देशों के बीच मध्यस्थता कर सकते हैं।

रूस के शहर व्लादिवोस्तोक में ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम (EEZ) में बातचीत के दौरान पुतिन ने कहा कि 2022 में जब जंग शुरू हुई थी, तब तुर्किये ने दोनों देशों के बीच समझौता कराने की कोशिश की थी। हालांकि, उन शर्तों को कभी लागू नहीं किया गया था। अब नए सिरे से बातचीत शुरू करने के लिए पिछली कोशिश को आधार बनाया जा सकता है।



■ **जंग रोकने के लिए पुतिन की शर्तें**

फरवरी 2022 में युद्ध शुरू होने के एक महीने बाद रूस और यूक्रेन के बीच तुर्किये की राजधानी इस्तांबुल में कई दौर की बातचीत हुई थी। इसका मकसद जंग रोकना था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने जंग रोकने के लिए दो शर्तें रखी थीं।

उन्होंने कहा था कि यूक्रेन को दोनेत्स्क, लुहांस्क, खेरसोन और जपोरजिया से अपने सैनिक हटाने होंगे। इसके अलावा यूक्रेन कभी भी नाटो का हिस्सा नहीं बनेगा। हालांकि यूक्रेन ने इन शर्तों को मानने से इनकार कर दिया था।

**जेलेंस्की ने कहा था- भारत में करवा सकते हैं पीस समिट**

पुतिन का यह बयान तब आया है जब PM मोदी करीब 2 महीने पहले 8 जुलाई को रूस के दौरे पर गए थे। यहां उन्होंने पुतिन से जंग रोकने पर चर्चा की थी। इसके कुछ समय बाद PM मोदी 23 अगस्त को यूक्रेन का भी दौरा किया था। इस दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने भारत में दूसरा पीस समिट करवाने की इच्छा जाहिर की थी। वहीं जेलेंस्की के साथ बैठक में PM मोदी ने कहा था, 'भारत हमेशा से शांति के पक्ष में रहा है। मैं कुछ दिन पहले रूस के राष्ट्रपति पुतिन से मिला था। तब मैंने मीडिया के सामने उनकी आंख से आंख मिलाकर कहा था कि यह युद्ध का समय नहीं है।'

### आदिवासी महिला से बलात्कार का प्रयास

तेलंगाना के कुमुराम भीम आसिफाबाद जिले के जैनूर कस्बे में एक ऑटो रिक्शा चालक द्वारा एक आदिवासी महिला के साथ बलात्कार एवं हत्या के कथित प्रयास के खिलाफ आदिवासी संगठनों द्वारा किया जा रहा विरोध प्रदर्शन बुधवार को हिंसक हो गया। इससे सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न हो गया और अधिकारियों को कर्फ्यू लगाना पड़ा। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। जिला प्रशासन द्वारा जैनूर कस्बे में धारा 163 बीएनएसएस के तहत निषेधाज्ञा जारी की गई है और अफवाहों और फर्जी खबरों को फैलने से रोकने के लिए एहतियाती उपाय के तौर पर क्षेत्र में इंटरनेट पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि स्थिति को नियंत्रण में लाया गया है.

**देश में भारतीय न्याय संहिता के तहत दर्ज केस में पहली सजा**

# ट्रिपल मर्डर में दो को उम्रकैद

**छपरा.** केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए नए कानून भारतीय न्याय संहिता (BNS)के तहत पहली बार अदालत ने आरोपियों को सजा दी है। नए कानून के लागू होने के बाद पहली बार बिहार के सारण जिले में छपरा कोर्ट ने गुरुवार को हत्या के जुर्म में दो आरोपितों को उम्र कैद की सजा सुनाई। उम्र कैद की सजा के साथ-साथ 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी अदालत ने आरोपियों पर लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि जुर्माना नहीं देने पर यह सजा छह माह के लिए बढ़ जाएगी। बता दें कि हत्या के जुर्म में 50 दिनों के अंदर दो आरोपितों को उम्र कैद की सजा सुना दी गई है।



इस लिहाज से बिहार का सारण जिला नए कानून के तहत सजा दिलाने में देश का पहला जिला बन गया है। इस तिहरे हत्याकांड में पुलिस ने 14 दिनों के अंदर आरोप पत्र दाखिल किया था। इस मामले में रसूलपुर थाने में धारा 103 (1), 109(1), 329- 4/3 ( 5 ) के तहत केस दर्ज किया गया था।

पुलिस ने 14 दिनों में ही आरोप पत्र दायर कर दिया। कोर्ट ने स्पीडी ट्रायल पर 50 दिनों के अंदर धनाडीह के आरोपित सुधांशु कुमार उर्फ रोशन व अंकित कुमार को नए कानून के तहत दोषी माना और फिर सजा सुना दी।

**क्या था पूरा मामला**

बता दें कि 17 जुलाई को देर रात जिले के रसूलपुर थाना क्षेत्र के धानाडीह गांव में एक सनकी युवक रोशन कुमार उर्फ सुधांशु कुमार ने एकतरफा प्यार में दो नाबालिग लड़कियों व उसके पिता की चाकू गोदकर हत्या कर दी। लड़की की मां को भी चाकू मारकर लहूलुहान कर दिया था। लड़की की मां शोभा देवी के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

# भारत के दुश्मनों को कहां से मिल रहे नाटो फौज के हथियार?

■ **कश्मीर से लेकर पंजाब तक हो रही सप्लाई**

**नई दिल्ली.** नाटो (North Atlantic Treaty Organization) अपने सदस्य देशों को रक्षा सहयोग के तहत हथियार उपलब्ध कराता है। यह हथियार आमतौर पर अत्याधुनिक होते हैं और इन्हें कड़ी सुरक्षा के साथ भेजा जाता है। लेकिन हाल के कुछ वर्षों में देखा गया है कि ये हथियार कुछ असामाजिक तत्वों, जैसे कि अपराधी गिरोह और आतंकवादी समूहों के पास पहुंच रहे हैं। इसका एक प्रमुख कारण है हथियारों की तस्करी। भारत में ऐसे कई गिरोह और आतंकवादी समूह हैं जो इन हथियारों को अपने आपराधिक गतिविधियों के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। यह न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि सामाजिक शांति के लिए भी एक गंभीर चुनौती है।

पिछले महीने पंजाब के शेरों में स्थित एक चेकपोस्ट पर पुलिस टीम ने एक बड़े अपराध का खुलासा किया। मामला तब पकड़ में आया जब पुलिस ने एक मारुति सुजुकी स्विफ्ट कार को तेज रफ्तार में आते देखा। पुलिस टीम ने तुरंत कार को रुकने का सिग्नल दिया, लेकिन कार में सवार लोग रुकने की बजाय भागने का प्रयास करने लगे। हालांकि, पुलिस की चुस्ती और मुस्तैदी के चलते अपराधी भागने में असफल रहे और उनकी कार पुलिस बैरिकेड्स से टकरा गई।

**'मेड फॉर नाटो आर्मी'**

कार की तलाशी के दौरान पुलिस ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया। इनकी पहचान हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी और लवप्रीत सिंह के रूप में हुई। दोनों की आपराधिक पृष्ठभूमि पहले से ही दर्ज थी। पुलिस ने जब कार की अच्छे से तलाशी ली, तो उसमें से चार ग्लॉक 19 पिस्तौलें बरामद हुईं। इनमें से एक पिस्तौल पर 'मेड फॉर नाटो आर्मी' लिखा हुआ था, जो इस मामले की गंभीरता को और बढ़ा देता है। इसके अलावा, चार मैगजीन, सात जिंदा कारतूस, और 4.8 लाख रुपये की हवाला की रकम भी कार से बरामद की गई।

**आम सूचना**

मैं श्री एडूकोंडल बिक्षाम बंडिकोला सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, हनुमान नगर, पोर्शन, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 19बीओ020086300) उक्त प्रॉपर्टी श्री राहुल रामाचल शर्मा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री एडूकोंडल बिक्षाम बंडिकोला**

# रविंद्र जडेजा ने भाजपा जॉइन की



■ **इस साल टी-20 वर्ल्डकप के बाद इस फॉर्मेट से संन्यास लिया था**

■ **पत्नी रिवाबा जामनगर से विधायक**

भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने बीजेपी जॉइन कर ली है। गुरुवार, 5 सितंबर को उन्होंने भाजपा की सदस्यता ले ली। जडेजा की पत्नी रिवाबा गुजरात के जामनगर से भाजपा विधायक हैं। जडेजा ने इस साल जून में टी-20 वर्ल्ड कप के बाद इस फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान किया था। जडेजा पत्नी रिवाबा के साथ कई बार चुनावी कैंपेन कर चुके हैं। वे इलेक्शन के दौरान रिवाबा के साथ बीजेपी का प्रचार करते हुए दिखे थे। उन्होंने कई रोड शो भी किए थे।

जडेजा ने 72 टेस्ट मैच में 3036 रन बनाए, वहीं इस फॉर्मेट में 294 विकेट लिए। उन्होंने 197 वनडे मैच खेले, जिसमें 2756 रन और 220 विकेट लिए। जडेजा ने 74 T-20 इंटरनेशनल खेले, जिसमें 515 रन बनाए और 54 विकेट लिए।

**जडेजा ने 2009 में किया था क्रिकेट में डेब्यू**

रवींद्र जडेजा ने भारत के लिए 2009 में टी-20 डेब्यू किया था। इस फॉर्मेट में उन्होंने कुल 74 मैच खेले। उन्होंने 127.16 के स्ट्राइक रेट से 515 रन बनाए और 54 विकेट अपने नाम किए।

जडेजा बाएं हाथ के गेंदबाज हैं। वे टी-20 टीम में 2009 से 2024 तक शामिल रहे। इस दौरान उन्होंने कुल 30 मैच खेले। इनमें जडेजा ने 130 रन बनाए और 22 विकेट अपने नाम किए। वहीं, एशिया कप में उन्होंने 6 मैच खेले। इनमें उन्होंने दो पारियों में 35 रन बनाए। जडेजा ने टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में 8 मैचों की पांच पारियों में मात्र 36 रन बनाए। इस दौरान उनके स्कोर 2, 17, 9, 7, 10 रहे। इतना ही नहीं, गेंदबाजी में भी उन्होंने सिर्फ 1 विकेट लिया।

# अग्निवीरों की बढ़ सकती है सैलरी

■ **25% से ज्यादा सेना में रहेंगे**

■ **अग्निपथ योजना में इन बड़े बदलावों के आसार**

सेना में जाने की तैयारी कर रहे अग्निवीरों को जल्द ही सरकार बड़ा तोहफा दे सकती है। खबर है कि 4 साल की अवधि के बाद सेना में अग्निवीरों को बरकरार रखने की सीमा बढ़ाई जा सकती है। मौजूदा नियमों के हिसाब से 25 फीसदी अग्निवीर सेवा में बने रहते हैं। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। इसके अलावा भी अग्निपथ योजना में कई बदलाव हो सकते हैं। सरकार ने साल 2022 में अग्निपथ योजना का ऐलान किया था।



इंडिया टुडे की रिपोर्ट में रक्षा सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि सरकार अग्निपथ योजना में कुछ बदलावों की योजना बना रही है। इसके तहत ज्यादा अग्निवीर सेना में रिटेन किए जाएंगे। साथ ही उनकी सैलरी में भी बदलाव हो सकते हैं। फिलहाल, रक्षा मंत्रालय ने आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। कहा जा रहा है कि योजनाओं के लाभ और व्यवस्था को बेहतर करने के लिए बदलाव किए जा सकते हैं।

रिपोर्ट में रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि अग्निवीरों को सेवा में बनाए रखने की सीमा बढ़ाने को लेकर चर्चाएं जारी हैं। इसके बाद चार साल की सेवा पूरी कर चुके ज्यादा अग्निवीर सेना का हिस्सा बने रह सकेंगे। फिलहाल, यह आंकड़ा 25 प्रतिशत है। कहा जा रहा है कि सैन्य जानकारों का मानना है कि 25 फीसदी रिटेन करने की सीमा पर्याप्त नहीं है।

चैनल से बातचीत में एक सूत्र ने कहा, 'जमीन पर लड़ने की ताकत बनाए रखने एक चौथाई आंकड़े को रिटेन करने की संख्या बेहद कम है।' उन्होंने कहा, 'सेना ने सिफारिश की है कि चार सालों के बाद सेवा में बनाए रखे जाने वाले अग्निवीरों की संख्या बढ़ाकर 50 प्रतिशत की जानी चाहिए।' खबर है कि सेना ने इस संबंध में सरकार के सामने अपनी सिफारिशें जमा कर दी हैं। इसे लेकर आंतरिक सर्वे भी किया गया था। हालांकि, शीर्ष रक्षा अधिकारियों का कहना है कि प्रक्रिया में कुछ समय लग सकता

**आम सूचना**

मैं श्री तानाजी शंकर आवारे सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, रमाबाई आंबेडकर नगर, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 19बीओ016160800) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती पार्वती शंकर आवारे के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 4.9.2024 सी.नं. 4103/2024 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री तानाजी शंकर आवारे**

# सनातन में महिलाओं का सम्मान देख मेहनाज बनी मीनाक्षी

■ **बच्चे 'लव-कुश'; शौहर से थी दुखी**

**मंदसौर.** मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में पति की प्रताड़ना से परेशान होकर एक मुस्लिम महिला ने अपने दो बच्चों के साथ हिंदू धर्म अपना लिया। हिंदू धर्म में अटूट आस्था जताते हुए महिला ने अपने बेटों का नाम लव-कुश रखा है। वह खुद अब मेहनाज बी के बदले मीनाक्षी के नाम से जानी जाएंगी। उनके दोनों बेटे का नाम लव और कुश रखा गया है। बताया जाता है कि मुस्लिम महिला सनातन परंपरा में महिलाओं के प्रति सम्मान को देखते हुए हिंदू धर्म में शामिल होने का निर्णय लिया है।



मंदसौर जिले में एक मुस्लिम महिला ने अपने दो बेटों के साथ हिंदू धर्म में शामिल हुईं। बताया जाता है कि गांव धमानर की रहने वाली 30 साल की मेहनाज 30 वर्ष ने अपने 12 और 11 साल के दो बेटों के साथ बुधवार मंदसोर के गायत्री मंदिर में शुद्धिकरण के साथ घर वापसी की। घर वापसी के बाद मेहनाज का नाम मीनाक्षी हो गया है तो दोनों बच्चों का नाम लव और कुश रखा गया है। मीनाक्षी ने बताया कि वो परिवार से प्रताड़ित थी। कहा कि यूट्यूब और अन्य जगहों पर देखती थी कि सनातन धर्म में महिलाओं का सम्मान किया जाता है। उन्हें घर परिवार में इज्जत दी जाती है। इससे प्रभावित होकर उसने हिंदू संगठन के लोगो से संपर्क कर सनातन धर्म अपनाया है।

जानकारी के अनुसार 15 साल पहले मेहनाज बी का निकाह धनमार के इरफान खान से हुआ था। मेहनाज के पिता अब्दुल रशीद किसान हैं। शुरुआत में सब ठीक था, लेकिन इसके बाद पति के साथ ही सास-ससुर के व्यवहार में बदलाव आ गया। वे छोटी-छोटी बातों पर मारपीट करने लगे। जरा सी बात पर अपशब्द कहते और हाथ उठा देते थे। इस बारे में पिता को बताया तो उन्होंने कहा यह तुम्हारा पारिवारिक मामला है।

**उल्हासनगर महानगरपालिका**

पर्यावरण विभाग
दिनांकः- ०५/०९/२०२४

**जाहीर आवाहन**

महाराष्ट्र शासनाच्या पर्यावरण विभागाकडून सणांचे पर्यावरणपुरक साजरीकरण करणेच्या अनुषंगाने नागरिकांमध्ये जनजागृती करण्याबाबत निर्देश प्राप्त झाले आहेत.

उल्हासनगर शहरातील नागरीकांना तसेच सार्वजनिक गणेश उत्सव मंडळांना आवाहन करण्यात येते की, दिनांक ०७/०९/२०२४ ते दिनांक १७/०९/२०२४ या कालावधीत साजरा होणा-या गणेशोत्सवाच्या दरम्यान जे सार्वजनिक गणेश उत्सव मंडळ कल्याण येथील गणेश घाटात गणेश मुर्ती विसर्जन करणार आहेत, त्यांनी गणेश विर्सजनादिवशी दुपारी ४.०० वाजेपासून विसर्जनाची मिरवणुक सुरु केल्यास मिरवणुकी दरम्यान होणा-या ध्वनी प्रदुषणामुळे शहरातील ज्येष्ठ नागरिक, मानसिक रुग्ण, दिव्यांग बांधव, विद्यार्थी यांना होणारा त्रास कमी होईल तसेच कायदा व सुव्यवस्थेचा प्रश्न निर्माण होणार नाही.

**सही/-**
**( विकास ढाकणे )**
आयुक्त तथा प्रशासक
उल्हासनगर महानगरपालिका

**जा.क्र. उमपा/ पीआरओ/346/2024**
**दि. 05/9/2024**

## संक्षेप...

### 17 शिक्षक हुए आदर्श पुरस्कार से सम्मानित

**ठाणे.** मनपा की ओर से शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मनपा क्षेत्र के अंतर्गत कुल 17 शिक्षकों को आदर्श शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया जिसमें मनपा के 13 और 4 निजी स्कूल के शिक्षक का समावेश है।मनपा अतिरिक्त आयुक्त 2 प्रशांत रोड़े व उपायुक्त सचिन पवार के हाथों से सम्मानित किया गया।अतिरिक्त आयुक्त रोड़े ने कहा कि शिक्षकों का योगदान उल्लेखनीय है।वही खगोल शास्त्रीय दा. कृ. सोमण ने कहा कि युवा पीढ़ी को सक्षम व विकास में शिक्षक का अहम भूमिका रहती है।कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षण अधिकारी ज्योत्स्ना शिंदे पवार ने किया।

# कांग्रेस और एनसीपी के आगे यूबीटी का सरेंडर

■ सीएम फेस पर माननी पड़ गई बात



**मुंबई.** उद्धव ठाकरे बीते करीब एक महीने से लगातार यह कह रहे थे कि विधानसभा चुनाव से पहले हमें महाविकास अघाड़ी का मुख्यमंत्री का चेहरा तय कर लेना चाहिए। यह बात वह जोर देकर कह रहे थे और उनका यहां तक कहना था कि सीएम फेस इस आधार पर तय नहीं होना चाहिए कि गठबंधन के किस दल को सबसे ज्यादा सीटें मिली हैं। उनका साफ इशारा था कि उद्धव सेना का सीएम पद पर दावा है और पहले ही उसके नेता को चेहरा बना दिया जाए। हालांकि शरद पवार और कांग्रेस की ओर से उनके इस रुख को तवज्जो नहीं दी गई। यहां तक कि शरद पवार जैसे वरिष्ठ नेता ने भी कहा कि हम बिना चेहरे के ही उतरेंगे और पहला टारगेट एनडीए को सत्ता से बाहर करना है।

अब कांग्रेस और शरद पवार के आगे उद्धव सेना भी झुकती दिख रही है। पार्टी नेता संजय राउत ने गुरुवार को कहा कि महाराष्ट्र के आगामी विधानसभा चुनाव के लिए महाविकास अघाड़ी (एमवीए) के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार को लेकर बातचीत बाद में भी हो सकती है। इसलिए क्योंकि पहला लक्ष्य राज्य में 'भ्रष्ट' महायुति सरकार को हटाना है। उनकी टिप्पणी शरद पवार के उस बयान के एक दिन बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि एमवीए को मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करने की कोई आवश्यकता नहीं है। चुनाव परिणामों के बाद संख्या बल के आधार पर इसका निर्णय लिया जा सकता है। राउत ने कहा, 'पवार साहब 100 प्रतिशत सही बोल रहे हैं। यह (महायुति) तीन दलों की सरकार है, लेकिन महाराष्ट्र में एमवीए को बहुमत मिल रहा है। हमारा पहला काम वर्तमान सरकार को हटाना है। हम बाद में किसी भी समय मुख्यमंत्री पद के बारे में बात कर सकते हैं।'

उनकी टिप्पणी से संकेत मिलता है कि उनकी पार्टी ने इस बात पर अपना रुख नरम कर लिया है कि राज्य में अगली सरकार कौन संभालेगा। पिछले महीने, शिव सेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने सहयोगी दलों - कांग्रेस और राकांपा (शरद पवार) से मुख्यमंत्री पद का चेहरा तय करने के लिए कहा था और इस शीर्ष पद के उम्मीदवार के लिए अपना समर्थन देने की बात कही थी।

शिव सेना नेता आदित्य ठाकरे ने बुधवार को कहा था कि मुख्यमंत्री पद को लेकर एमवीए सहयोगियों के बीच कोई खींचतान नहीं है। वह मध्य महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इससे पहले कोल्हापुर में पत्रकारों से बातचीत में पवार ने कहा था कि मुख्यमंत्री कौन होगा, इसका फैसला चुनाव परिणाम आने के बाद किया जा सकता है। उन्होंने कहा था कि एमवीए के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार का फैसला इस आधार पर किया जाएगा कि कौन सी पार्टी सबसे अधिक विधानसभा सीटें जीतती है। महाराष्ट्र में नवंबर में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है।

# गणेश मूर्तियों के विसर्जन हेतु कृत्रिम तालाबों का उपयोग करें

## गणेश भक्तों से मनपा आयुक्त वैद्य की अपील

■ पर्यावरण की सुरक्षा सबकी जिम्मेदारी

उल्हास विकास संवाददाता



**भिवंडी.** राज्य सरकार ने गणेशोत्सव को पर्यावरण के अनुकूल तरीके से मनाने का निर्देश दिया है.मूर्तियों को विसर्जित करने के लिए पर्यावरण-अनुकूल दृश्य, पर्यावरण-अनुकूल मूर्तियों का उपयोग किया जाना चाहिए और कृत्रिम तालाबों का उपयोग किया जाना चाहिए. गणेश मूर्ति को प्राकृतिक तालाबों, नदी के पानी में विसर्जित नहीं किया जाना चाहिए.

मनपा द्वारा जारी परिपत्र में आयुक्त अजय वैद्य का कहना है कि, शासन के निर्देशानुसार गणपति भक्तों को पर्यावरण संरक्षण के लिए गणेशोत्सव मनाते समय घर में बनी गणेश प्रतिमा के विसर्जन के लिए कृत्रिम तालाब का उपयोग किया जाना चाहिए. भिवंडी शहर में श्री गणेश मूर्तियों को विसर्जित करने के लिए अस्थायी रूप में कृत्रिम। तालाब निर्माण किए गए हैं. भिवंडी शहर प्रभाग समिति नं. 02 कल्याण रोड के अंतर्गत, टेमघर पाड़ा, मंगलमूर्ति कॉम्प्लेक्स के सामने, रिद्धिसिद्धि कॉम्प्लेक्स के बगल में, प्रभाग समिति नंबर 03 पुराना कार्यालय नगर निगम स्कूल नंबर 23,59,61 और 55 के परिसर में प्रभाग समिति क्रमांक 4 बालू पाटिल चौक, नारपोली एवम वार्ड समिति क्रमांक 5 में छत्रपति शिवाजी महाराज चौक, अपना मेडिकल के बाहर खुली जगह पर घर में बनी गणेश प्रतिमा विसर्जित करें और पर्यावरण अनुकूल गणेशोत्सव मनाएं.मनपा आयुक्त अजय वैद्य ने सभी गणेश भक्तों से मनपा प्रशासन को सहयोग करने के लिए अपील किया है.

# मनपा आयुक्त पर मनमानी का आरोप

■ मुख्य सचिव सुजाता सौनिक से कांग्रेस नेता जावेद फारूकी की शिकायत

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** प्रदेश मुख्य सचिव सुजाता सौनिक से कांग्रेस वरिष्ठ नेता जावेद फारूकी ने मनपा प्रशासक,आयुक्त अजय वैद्य पर शासन के नियमों को दरकिनार कर मनमानी किए जाने का गंभीर आरोप लगाते हुए भिवंडी मनपा सेवा से हटाए जाने की मांग की है.

गौरतलब हो कि, प्रदेश मुख्य सचिव सुजाता सौनिक से कांग्रेस वरिष्ठ नेता जावेद फारूकी ने शिकायत की है कि,मनपा आयुक्त अजय वैद्य का कोई ध्यान शहर की मूलभूत समस्या समाधान की तरफ नहीं है.वे दलालों से ज्यादा और शहर के नागरिकों से मिलना कम पसंद करते हैं. आर्थिक फायदे के लिए विकास कार्यों का ठेका नियम कानून को दरकिनार कर पसंदीदा लोगों को देकर मनपा तिजोरी को चूना लगा रहे हैं. मनपा पर करोड़ों रुपए कर्ज का बोझ बढ़ने के बावजूद कोई ध्यान आयुक्त वैद्य का नहीं है. आरोप है कि, करोड़ों रूपया खर्च के बाद भी शहर में कचरे का अंबार एवम नाला सफाई, सड़क दुरुस्ती कार्यों में भारी भ्रष्टाचार होने से शहर की हालत बदहाल हो गई है. शहर के नागरिक मूलभूत सुविधा के लिए भी भारी दुख झेल रहे हैं. मनपा प्रशासक राज में सिर्फ भ्रष्टाचार का बोलबाला है. कांग्रेस नेता फारूकी ने शहर की बेहतरी की खातिर मनपा आयुक्त वैद्य को हटा कर भिवंडी मनपा में ईमानदार, अनुभवी अधिकारी नियुक्त किए जाने की मांग महाराष्ट्र मुख्य सचिव से की है.

> उक्त संदर्भ में मनपा प्रशासक,आयुक्त अजय वैद्य का कहना है कि, कांग्रेस नेता द्वारा लगाए गए तमाम आरोप पूर्णतया बेबुनियाद हैं. मनपा प्रशासन नागरिकों की मूलभूत सुविधा मुहैया कराने की खातिर गंभीरता से कार्य कर रहा है.शहर के सर्वांगीण विकास की खातिर नागरिकों को बकाया टैक्स का भुगतान करना चाहिए.

# गणेशोत्सव पर गांव जाने वाले भक्तों को मुफ्त बस सेवा

उल्हास विकास संवाददाता



**कल्याण.** कल्याण लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ.श्रीकांत एकनाथ शिंदे ने हर साल की तरह इस साल भी गणेशोत्सव पर गांव जाने वाले भक्तों के लिए मुफ्त बस सेवा का आयोजन किया। बुधवार को कल्याण ग्रामीण, डोंबिवली और उल्हासनगर से कोंकण और पश्चिमी महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों के लिए 233 से अधिक बसें भेजी गईं। इसमें डोंबिवली पश्चिम के मोठागांव में 55 एसटी बसे शामिल थीं। युवा सेना सचिव दीपेश म्हात्रे ने भगवा झंडा दिखाकर बसों को रवाना किया। चूंकि सांसद डॉ.श्रीकांत शिंदे इस समय पश्चिमी महाराष्ट्र में जनसंवाद यात्रा पर है इसलिए उन्होंने सांगली से ऑनलाइन माध्यम से सभी भक्तों को गणेशोत्सव की शुभकामनाएं दीं और उनकी सुरक्षित यात्रा की कामना की।

बतादें कि गणेशोत्सव के लिए मुंबई, ठाणे, कल्याण, डोंबिवली के साथ-साथ अंबरनाथ, उल्हासनगर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु गांव जाते हैं। इसमें कोंकण जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होती है। इस पृष्ठभूमि में, हर साल की तरह, गणेशोत्सव मनाने के लिए कोंकण और पश्चिम महाराष्ट्र जाने वाले भक्तों को असुविधा से बचाने के लिए कल्याण के सांसद डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे की ओर से बड़ी संख्या में बसें जारी की गई हैं। इसमें सिंधुदुर्ग, मालवन, रत्नागिरी, लांजा, खेड़, चिपलून, कुडाल, मंडनगढ़, महाड, श्रीवर्धन, पोलादपुर समेत कोंकण के विभिन्न स्थानों पर बसें भेजी गईं। कोंकण के अलावा पश्चिमी महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों के लिए बसें भी रवाना की गईं। मोठागांव में युवासेना सचिव दीपेश म्हात्रे, शहर प्रमुख राजेश मोरे, पूर्व महापौर विनीता राणे, पूर्व नगरसेवक विश्वनाथ राणे, अभिजीत दरेकर ने श्रीफल तोड़कर और भगवा झंडा दिखाकर बसों को रवाना किया।

## जनता की सहनशीलता की परीक्षा ना लें

**कल्याण.** एमएनएस विधायक राजू पाटील ने दो दिन पहले केडीएमसी को चेतावनी दी थी कि यदि गणेशोत्सव से पहले शहर के गड्ढें नहीं भरे गए तो मनसे महापालिका के अधिकारियों को गड्ढों में लाकर खड़ा कर देगी। विधायक राजू पाटील के बाद मनसे के कार्यकर्ताओं ने भी गड्ढों को लेकर अक्रामक भूमिका अपना ली है।

गुरुवार को मनपा के अधिकारी ठाकुर्ली स्थित चोलेगांव विसर्जन तालाब का निरीक्षण करने पहुंचे, तो मनसे के कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया। महापालिका की शहर अभियंता अनिता परदेशी, कार्यकारी अभियंता मनोज सांगले, उप अभियंता विनयकुमार विसपुते जब तालाब का जायज़ा ले रहे थे, तो मनसे के कार्यकर्ताओं ने गड्ढों की समस्या को लेकर अधिकारियों से सवाल किया। गड्ढों की वजह से आम नागरिक परेशान है।


### आम सूचना

हम श्रीमती नमीता गौतम बेरा, श्री गौतम सहदेव बेरा व श्री सुजीत गौतम बेरा सभी को सूचित कर रहे हैं कि रुम, रविंद्र नगर, कुर्ला कैम्प रोड, ब्लॉक नं. सी-932 के सामने, उल्हासनगर-5. (टैक्स नं. 39डीओ012389700) उक्त प्रॉपर्टी श्री गौतम बेरा के नाम पर है। श्रीमती नमिता गौतम बेरा ने श्री गणेश सहदेव बेरा से सेल एग्रीमेंट दि. 7.8.2007 द्वारा खरीदी है। श्रीमती नमिता गौतम बेरा ने 2/3 शेयर श्री गौतम सहदेव बेरा व श्री सुजीत एस. बेरा को गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 6.8.2024 द्वारा दिया है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती नमीता गौतम बेरा,**
**श्री गौतम सहदेव बेरा व**
**श्री सुजीत गौतम बेरा**



### आम सूचना

मैं श्रीमती अंजली श्रीचंद आहुजा सभी को सूचित कर रही हूं कि आफीस, पहला व दूसरा माला, शॉप नं. 3, बजरंग कॉम्प्लेक्स, बैरक नं. 532, रुम नं. 8,9 व 10, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 23बीआय017640600(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री अशोक साधुराम आहुजा, श्री सलोचना जयराजमल हरदासमलानी, श्री गोपाल साधुराम आहुजा व श्रीमती वर्षा जयपाल परयानी, श्री श्रीचंद साधुराम आहुजा के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 3.9.2024 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती अंजली श्रीचंद आहुजा**



### आम सूचना

मैं श्रीमती जानू राजकुमार कारीरा उर्फ भगवंती राजकुमार कारीरा सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, बैक साईड आफ प्लाट ऑफ रुम नं. 1, बैरक नं. 427, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 13बीआय015461900) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती सुनीता सचानंद कारीरा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 13.7.2022 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती जानू राजकुमार कारीरा उर्फ**
**भगवंती राजकुमार कारीरा**


# SST कॉलेज के खिलाड़ियों ने क्रॉस कंट्री में किया पराक्रम

## लड़कों ने लगातार पाँचवीं बार और लड़कियों ने लगातार चौथी बार प्रथम स्थान प्राप्त किया





**उल्हासनगर.** मुंबई विश्वविद्यालय खेल विभाग, ठाणे विभाग खेल समिति और जे एस एस पी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मुंबई विश्वविद्यालय अंतरमहाविद्यालय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न कॉलेजों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

एसएसटी कॉलेज के लड़कों ने लगातार पाँचवीं बार प्रथम स्थान प्राप्त कर चैंपियनशिप जीती, वहीं लड़कियों ने भी लगातार चौथी बार प्रथम स्थान प्राप्त कर चैंपियनशिप पर कब्जा किया। व्यक्तिगत प्रतियोगिता में रंगोली चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, और साक्षी जगदाले ने लगातार तीसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कॉलेज की टीम में लड़कों की ओर से रोहन चौधरी, अविनाश भगत, आदिल मोहम्मद, हरी ओम सिंह, शिवम यादव, और लड़कियों की ओर से साक्षी जड्याल, सुजाता मुंढेकर, निकिता मरले, अंकिता पोल, तृप्ति भोईर और काजल प्रजापति ने प्रतिनिधित्व किया। सुजाता मुंढेकर, निकिता मरले, साक्षी जड्याल, रोहन चौधरी और अविनाश भगत का चयन मुंबई विश्वविद्यालय की अंतर-विभागीय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता के लिए ठाणे विभाग से किया गया।

एसएसटी कॉलेज के संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी, आईक्यूएससी समन्वयक डॉ. खुशबू पुरस्वानी, मुंबई विश्वविद्यालय खेल निदेशक डॉ. मनोज रेड्डी, एसएसटी कॉलेज के खेल निदेशक श्री राहुल अकुल और श्री पुष्कर पवार, साथ ही प्रशिक्षक अविनाश पवार और संदेश चव्हाण ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और विभागीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।


### आम सूचना

मैं श्री श्रीचंद साधूराम आहुजा सभी को सूचित कर रहा हूं कि आफीस, पहला व दूसरा माला, शॉप नं. 3, बजरंग कॉम्प्लेक्स, बैरक नं. 532, रुम नं. 8,9 व 10, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 23बीआय017640600(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री राजाराम खानचंद दुधानी के नाम पर है। श्री अशोक साधुराम आहुजा, श्री सलोचना जयराजमल हरदासमलानी, श्री गोपाल साधुराम आहुजा व श्रीमती वर्षा जयपाल परयानी के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 3.9.2024 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री श्रीचंद साधूराम आहुजा**



### आम सूचना

मैं श्रीमती शोभा देवीदास सोनावणे सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम नं. यू-445, डिफेंस कालोनी, दहा चाल, नालंदा विद्यालय के पास, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 39डीओ008465200) उक्त प्रॉपर्टी श्री देवीदास गोपीनाथ सोनावणे के नाम पर है।श्रीमती काजल समीर यादव, श्रीमती सोनाली अमोल पवार, श्रीमती मोनाली अमोल आवले व श्रीमती मोनाली अमोल आवले ने रिलीज एग्रीमेंट दि. 4.9.2024 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती शोभा देवीदास सोनावणे**



उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel


# आलिया ने शेयर किए 'जिगरा' के दो नए पोस्टर्स

■ भाई को बचाने हथौड़ा चलाती दिखेंगी एक्ट्रेस

■ बोलीं- कहानी लंबी है और वक्त कम




आलिया भट्ट ने इंस्टाग्राम पर अपनी अपकमिंग फिल्म 'जिगरा' के दो नए और इंटेंस पोस्टर शेयर किए हैं। इन पोस्टर्स में फिल्म से आलिया और उनके को-स्टार वेदांग रैना का फर्स्ट लुक सामने आया है।

पोस्टर में आलिया की पीठ पर एक बैकपैक और उनके हाथ में हथौड़ा है। वहीं वेदांग बैकग्राउंड में बेहद मायूस नजर आ रहे हैं। जहां पहले पोस्टर को शेयर करते हुए आलिया ने कैप्शन में लिखा- 'तू मेरे प्रोटेक्शन में है।' वहीं दूसरे पोस्टर को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने लिखा- 'कहानी बहुत लंबी है और भाई के पास वक्त बहुत कम।'

### अर्जुन कपूर बोले- कान्ट वेट

आलिया के इस पोस्ट पर वेदांग ने हार्ट इमोजी तो वहीं जान्हवी और शरवरी इमोज कमेंट की है। करण जौहर ने लिखा- 'लेट्स गो'। वहीं अर्जुन कपूर ने कमेंट कर कहा- 'इसके लिए इंतजार नहीं कर सकता।' आलिया स्टारर यह एक्शन फिल्म सिनेमाघरों में 11 अक्टूबर को रिलीज होगी।







संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा
उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)



25 Lakhs THANK YOU Viewer's
25,00,000
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you
Pageviews yesterday 2,763
Pageviews last month 76,471
Pageviews all time history 1,007,712
Followers 168



यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099